## - अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा प्रस्तुत करती है -

# ABMM MDS: माहेश्वरी ड्रीम शेपर्स योजना'

### योजना का उद्देश्य :-

"ABMM MDS माहेश्वरी ड्रीम शेपर्स" योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, परंतु मेधावी माहेश्वरी युवाओं को उच्च शिक्षा जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ, CA, और सिविल सेवाओं की तैयारी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

इस योजना के माध्यम से हम भारतीय प्रशासनिक सेवाओं, श्रेष्ठ प्रोफेशनल कोर्सेस और समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने वाले युवा तैयार करना चाहते हैं।

### प्रेरक संगठन ABMM :-

यह योजना अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा (ABMM) की प्रेरणा से संचालित की जाएगी। ABMM वर्षों से समाज को शिक्षा, सेवा और संस्कार के माध्यम से मार्गदर्शन देती आ रही है और अब इस योजना के माध्यम से समाज के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रही है।

### मुख्य सहयोगी न्यास :-

- श्री बद्रीलाल सोनी उच्च शिक्षा सहयोग न्यास

इस योजना का मुख्य वित्तीय एवं रणनीतिक ट्रस्ट है। ट्रस्ट का उद्देश्य है समाज के युवाओं को न केवल आर्थिक रूप से सक्षम बनाना, बल्कि उन्हें जीवन में सफलता के बाद समाज को लौटाने के भाव से जोड़ना।

### सहयोगी ट्रस्ट जिनका योगदान सराहनीय है-

1. मोहनलाल सोहनीदेवी सोनी चौरिटेबल ट्रस्ट, जोधपुर
2. विष्णु श्री सेवा ट्रस्ट (VPRP फाउंडेशन), जोधपुर
3. श्री वेंकटेश ट्रस्ट, उज्जैन

4. रूपलदेवी बंसीलाल बाहेती फाउंडेशन, अहमदाबाद

5. राधादेवी रामपाल सोनी फाउंडेशन, भीलवाड़ा

6. पुष्पादेवी रामेश्वरलाल काबरा फाउंडेशन, मुंबई

7. कमलादेवी मथुराप्रसाद नवाल चौरिटेबल ट्रस्ट, अजमेर

8. चंपालाल सुशीला देवी कांकाणी फाउंडेशन, बेल्लारी

## वित्तीय सहायता (प्रति छात्र) -

| कोर्स | राशि | अवधि |
|---|---|---|
| मेडिकल छात्र | ₹75,000/- | प्रतिवर्ष 5 वर्ष |
| इंजीनियरिंग छात्र | ₹75,000/- | प्रतिवर्ष 4 वर्ष |
| लॉ छात्र | ₹70,000/- | प्रतिवर्ष 3 वर्ष |
| सी.ए. छात्र | ₹50,000/- | प्रतिवर्ष 2 वर्ष |

## 'प्रमुख बिंदु' -

- परिवार की वार्षिक आय ₹8 लाख से कम होनी चाहिए।
- आवेदक किसी अन्य योजना से लाभान्वित नहीं होना चाहिए।
- छात्र को संकल्प पत्र भरना आवश्यक होगा (भविष्य में सहायता राशि लौटाने का वचन)।
- योजना का संचालन IAS श्रीकांत बाल्दी जी के मार्गदर्शन में।

## 'ऑनलाइन आवेदन एवं पारदर्शी प्रक्रिया' :-

- आवेदन पत्र ''योजना लिंक- नीचे दिए गए लिंक को क्लिक करके ऑनलाईन आवेदन पत्र कमिटी के पास ऑनलाईन माध्यम से अनुमोदन हेतु प्रेषित की जा सकती है।

https://www.blsonitrust.org/abmm-mds/

CLICK HERE

- फॉर्म पहले आंचलिक समिति द्वारा जाँच के बाद स्क्रीनिंग कमिटी को भेजा जाएगा।
- स्क्रीनिंग कमिटी स्क्रीनिंग करके फाइनल राशी अनुमोदन करेगी।
- कोर कमिटी स्वीकृत राशी मुख्य ट्रस्ट अथवा सहयोगी ट्रस्ट से आवेदक के खाते में ट्रांसफर कराएगी।
- कोई मैन्युअल वर्क या देरी नहीं होगी कृपा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ऑनलाइन रहेगी।

## 'शुभारंभ अवसर'-

अक्षय तृतीया दिन बुधवार 2025 से योजना पूरे भारतवर्ष में प्रभावी है और इसे भविष्य में "ABMM MDS उच्च शिक्षा संकल्प " के नाम से जाना जाएगा।

**''शिक्षा से ही समाज सशक्त होता है''**